# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 17.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सबसे स्वच्छ शहरों को प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार से नवाजा, झारखंड के जमशेदपुर और बुंडु को भी मिला पुरस्कार।
2. जमशेदपुर में स्थापित होगी वंदे भारत ट्रेन कोच और चक्का निर्माण करने वाली फैक्ट्री, बढ़ेंगे रोजगार के नये अवसर।
3. राज्य में एसआरई योजना के तहत लंबित भुगतान को लेकर आइजी अभियान आज करेंगे बैठक, 22 जिलों के एसपी और एसएसपी वर्चुअल माध्यम से होंगे शामिल।
4. मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, चतरा और हजारीबाग में बारिश और वज्रपात का जारी किया औरेंज अलर्ट, 15 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट।
5. जमशेदपुर में आयोजित झारखंड स्टेट सब जूनियर और जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में लोहरदगा की अंशिका का शानदार प्रदर्शन, दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक किया अपने नाम।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में शहरी भारत के सबसे स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया गया और स्वच्छ भारत मिशन–शहरी को आगे बढ़ाने के प्रयासों को मान्यता दी गयी। इस दौरान झारखंड के जमशेदपुर और बुंडू को भी पुरस्कार से नवाजा गया। इसी दिन शहरों की स्वच्छता रैंकिंग भी जारी होगी। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कचरा प्रबंधन की दिशा में देश में हो रहे नवाचारों की सराहना की।

*******************

जमशेदपुर के चकुलिया प्रखंड में वंदे भारत का कोच तैयार होने वाला हैं। इसके लिए यहां कंपनी की स्थापना की जायेगी। बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती ने कोच निर्माण करने वाली कंपनी एमएस वोल्टास रेल प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और सलाहकार विष्णु गर्ग के साथ बैठक की और स्थापना की दिशा में अबतक हुई प्रगति पर जानकारी ली। श्री मोहंती ने कहा है कि बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए औद्योगिक क्रांति का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक कंपनी ने लगभग 300 एकड़ भूमि का अधिकरण कर लिया है और अगले चरण में 400 एकड़ अतिरिक्त भूमि लेने की योजना है।

*******************

लगभग 6 वर्षों के निष्कासन के बाद जामताड़ा के वरिष्ठ नेता तरुण कुमार गुप्ता की भारतीय जनता पार्टी में वापसी हुई है। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने गिरिडीह स्थित आवास पर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि तरुण कुमार गुप्ता जैसे अनुभवी नेता की वापसी भाजपा के लिए सकारात्मक संकेत है।

*******************

आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव लंबोदर महतो ने राज्य में नक्सलवाद उन्मूलन की दिशा में सुरक्षा बलों के प्रयास की सराहना की है। बोकारो के गोमिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक झारखंड समेत पूरे देश से नक्सलवाद के खात्मे का केन्द्रीय गृहमंत्री का संकल्प पूरा होता दिखायी पड़ रहा है।

*******************

सुरक्षा संबंधी व्यय एसआरई निधि के अंतर्गत स्पेशल पुलिस ऑफिसर और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल मद में लंबित बकाये को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी, जिसकी अध्यक्षता आईजी अभियान करेंगे। पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में साहेबगंज और जामताड़ा जिले के एसपी को छोड़कर, बाकी सभी जिलों के एसपी और एसएसपी शामिल होंगे।

*******************

जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र के जवाहरनगर में हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से हथियार और

कारतूस भी बरामद किये गये हैं। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि आपसी विवाद की वजह से इस घटना को अंजाम दिया गया।

*******************

सिमडेगा जिले में सखी मंडलों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर और आर्थिक रुप से सशक्त बन रही हैं।

*******************

शेयर बाजार में आज सुबह के कारोबार में घरेलू बेंचमार्क सूचकांक स्थिर खुले और बिकवाली का दबाव रहा। सेंसेक्स 96 अंक गिरकर 82,538 पर और निफ्टी 23 अंक गिरकर 25,189 पर बंद हुआ।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 90 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 17 हजार रूपये है।

*******************

मौसम विभाग ने झारखंड के पश्चिमी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में 19 जुलाई तक बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। रांची मौसम केंद्र ने पलामू, गढ़वा, चतरा और हज़ारीबाग़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जबकि रांची, कोडरमा, देवघर, चतरा और अन्य 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों में पलामू संभाग के चार जिलों में तेज़ हवाओं और गरज के साथ तेज बारिश की संभावना है।

*******************

साहिबगंज जिले के गुमानी नदी में बरसात के कारण बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। गुमानी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इधर पहाड़ों और सतही इलाकों में हुई बारिश की वजह से गंगा नदी के जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। आज जिले के सभी स्कूल बंद रखे गये हैं।

*******************

जमशेदपुर में आयोजित झारखंड स्टेट सब जूनियर और जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में लोहरदगा की अंशिका कुमारी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ ही अंशिका ने नेशनल सब जूनियर  और जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में भाग लेने की पात्रता हासिल कर ली है।

*************